## पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं होने के कारण कई लोगों की जा चुकी है जान

# बेपरवाहीः अंधाधुंध उत्खनन के बाद बिना सुरक्षा इंतजामों के छोड़ दी खुली खदानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अंधाधुंध उत्खनन के बाद लीजधारकों द्वारा खदानों में बिना सुरक्षा इंतजामों के खुली छोड़ दी गई। इन खुली खदानों में न सिर्फ मवेशी बल्कि कई लोगों की जानें जा चुकी हैं। बेहद खतरनाक खदानों को तार फैंसिग या मजबूत दीवार के जरिये सुरक्षा के लिहाज से बंद होनी चाहिये। इस बारे में हाईकोर्ट के भी निर्देश है लेकिन खुली खदानों में यदा कदा हादसों के बावजूद सुरक्षा इंतजामों में बेपरवाही बरती जा रही हे। आलम यह है कि लोग बैमोत मर रहे है बढ़ती घटनाओं के बावजूद कोई ध्यान देने वाला नही है।

गौरतलब है कि तत्कालीन कलेक्टर विकास नरवाल द्वारा कटनी शहरी क्षेत्र की खुली खदानो से हो रही निर्दोषो की मौत के मामले को गंभीरता से लेते हुये खतरनाक खदानो को चिन्हित करने के निर्देश दिये गये थे। उनके ट्रांसफर के बाद यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। तकरीबन 60 मौतो के बाद यह मामला विधानसभा में भी गूंजा था लेकिन जवाबदेह कार्यवाही में रूचि ही नही ले रहे है।

### कई लोगों की जा चुकी है जान

गौरतलब है कि नगर के भटठा मोहल्ला व बरगंवा क्षेत्र की खुली खदानो में पूर्व से लेकर अब तक बड़ी संख्या में लोगो की जान जा चुकी है। बारिश में पानी से लबालब होने के चलते इन खदानों में खतरा और बढ़ जाता है। बावजूद इसके कार्यवाही को लेकर निगम प्रषासन बैकफुट पर है। बारिष में इन खदानों में अथाह पानी भर जाने से हादसे की आषंका और बढ़ जाती है। फिर भी निगम अफसर चुप्पी साधे हुये है। हैरानी की बात तो यह है कि महापौर ने भी इन खदानो को सुरक्षित किये जाने की बात कही थी लेकिन अब तक कोई पहल नही की जा सकी है।

### योजना बनी अमल नही

खुली खदानो के संरक्षण के लिये प्रशासनिक स्तर पर कागजी योजना चुका है लेकिन आज तक योजना कागजो से बाहर निकलकर हकीकत की धरा पर कदम नही रख सकी। उल्लेखनीय है कि खनिज उत्खननकर्ताओं ने अर्से पहले खदानो से बेशकीमती खनिज निकालने के बाद इन्हे खुला छोड़ दिया है। अब इन खदानो में हादसे से लोगो की जान जा रही है। शहर में पेयजल संकट की स्थिति में इन खदानो के पानी का तो उपयोग किया जाता है लेकिन जल संरक्षण की दिषा में कोई ठोस कदम नही उठाये जा रहे।

### रिहायसी क्षेत्र में है खदाने

भटठा मोहल्ला व बरगवां माधवनगर लखेरा मिलाकर डेढ़ दर्जन से अधिक ऐसी खदाने है जो अब रिहायषी बस्तियों की जद में आ चुकी है। सरकारी जमीन पर खुली खदानो को संरक्षित करने के लिये जवाबदार कौन है। इस संबध में भी विभाग की जवाबदेही सुनिष्चित नही की जा रही है। खुली खदानो में पुलिस ने पूर्व में कई लोगो की मौत होने की जानकारी भेजी थी। कुछ निजी खदानो मे भी लोगो की मौत हुई। शहर के अंदर खुली खदानो को लिस्टेड कर खनिज विभाग की टीम शांत होकर बैठ गई है। जानकार बताते है कि इन खदानो मे अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है।

शहर के अंदर खुली खदानो को लेकर स्वरूप परिवर्तन को लेकर भी कोई पहल नही की जा रही है। नदी, तालाब, झील, कुंआ, जलाशय चाहे निजी भूमि में हो या फिर सरकारी जमीन पर हो सुप्रीम व हाईकोर्ट ने जलस्त्रोतो के स्वरूप परिवर्तन और उसे खत्म करने पर रोक लगाई है।

जिला प्रशासन की पूर्व में तत्परता के बीच खुली खदानो मे हो रही मौतो को लेकर खनिज विभाग निजी खदान संचालको की मीटिग कर संरक्षित किये जाने की कार्ययोजना पर अमल किया जाना सुनिश्चित किया गया था। लेकिन अब सब कुछ ठंडे बस्ते में है। तत्कालीन एस पी गौरव तिवारी द्वारा भी इस बारे में व्यक्तिगत रूचि लेकर संरक्षित किये जाने की दिशा में प्रयास किया गया था। उनके तबादले के बाद अब इस बारे में कभी चर्चा भी नही होती।

## खबर संक्षेप



### 10 लाख से जमुनिया में तालाब विस्तारीकरण का हो रहा कार्य

**कटनी।** जनपद पंचायत रीठी अंतर्गत जलगंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र में स्थित विभिन्न जल स्त्रोतों नदी, तालाबों, कुआं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के कार्य के लिए सभी ग्राम पंचायतों में जलसंरक्षण के कार्यों के साथ-साथ सफाई के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत जमुनिया में जिला पंचायत कटनी द्वारा 9.96 लाख रूपये की लागत से तालाब विस्तारीकरण कार्य स्वीकृत किया गया है । यह कार्य प्रगतिरत है।कार्य में अभी तक 61 हजार 600 रूपये का व्यगय करते हुये 60 श्रमिकों को 308 मानव दिवस का कार्य दिया जा चुका है। कार्य स्थ।ल पर मजदूरों के लिये पीने का पानी, छाया एवं उपचार किट की व्याावस्थौ ग्राम पंचायत द्वारा की गई है। इस तालाब का जीर्णोद्धार हो जाने से पशुओं को पीने के लिये पानी तथा ग्रामीणों को निस्ताकर हेतु पानी उपलब्धप होगा।साथ ही 2 हजार 500 मानव दिवसों का स्थोनीय स्तार पर ग्रामीण श्रमिकों को श्रममूलक रोजगार उपलब्धा होगा।

### 60 युवाओं को दिया गया सिविल डिफेंस प्रशिक्षण



**कटनी।** होमगार्ड कार्यालय परिसर में मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र व साईंनाथ शिक्षण संस्थान के 60 युवाओं को नागरिक सुरक्षा, ब्लैकआउट, सायरन, फायर फाइटिंग, इमरजेंसी रेस्क्यू मेथड तथा प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण सुबह 10.30 से दोपहर 1.30 बजे तक दिया गया। साथ ही आपदा बचाव उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में श्वेता गुप्ता, ओ.पी. दुबे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डी.जे. मोहन्तीतथा अग्निशमन दल मौजूद रहा। प्रशिक्षण का नोडल अधिकारी नीरज सिंह ठाकुर, जिला सेनानी होमगार्ड व एसडीईआरएफ को बनाया गया है।

### ढीमरखेड़ा थाना में आपदा प्रबंधन की हुई बैठक



**कटनी।** आंतरिक एवं नागरिक सुरक्षा को लेकर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर मंगलवार को ढीमरखेड़ा थाना परिसर में दोपहर 12:00 बजे गणमान्य जन, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों व मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय परिस्थितियों और देश के वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए सतर्कता सुरक्षा एवं सुचारू व्यवस्था के संबंध में दिशा निर्देश की जानकारी प्रदान की गई और उपस्थित जनों से सहयोग की अपील की गई। मोहम्मद शाहिद खान थाना प्रभारी एम एल करण ने उपस्थितजनों से अपील की कि व्हाट्सएप में भड़काऊ पोस्ट शेयर न करे एवं आसपास यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आए तो उसकी सूचना पुलिस को दे। बैठक में ढीमरखेड़ा तहसीलदार आशीष अग्रवाल पुलिस स्टाफ उप निरीक्षक सुरेश चौधरी उप निरीक्षक जयपाल सिंह जयचंद यूके दीपक श्रीवास अजय सिंह वीरेंद्र सिह जनपद सदस्य श्रीकांत पटेल राजेश त्रिपाठी रमेश पांडे अनूप दुबे सत्येंद्र बर्मन जितेंद्र मिश्रा शोले नामदेव विवेक निधि रजक आदि आदि गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया।



## खेत में छिपा कर रही थी 14 पेटी अवैध शराब, की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बिलहरी चौकी पुलिस ने बड़ी मात्रा में देशी अवैध शराब जब्त की है। चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति परोहा पिपरिया स्लीमनाबाद मैंन रोड में अपने खेत में बने घर के पीछे गड्ढा में अत्यधिक मात्रा मे अवैध देशी शराब कार्टून के डिब्बे में रखे बिक्री करने की फिराक में खडा है। मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचने पर विजय नारायण लखेरा पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे हमराही स्टाफ एवं गवाहों के घेराबंदी कर पकड़ा जिस नाम पता पूछने पर अपना नाम विजय नारायण लखेरा पिता स्वर्गीय मुरली मनोहर लखेरा 58 साल निवासी परोहा पिपरिया चौकी बिलहरी थाना कुठला का रहने वाला बताया। पूछताछ करने पर बताया कि मेरे खेत में बने गड्ढे में 14 पेटी (कार्टून) देसी शराब रखी है जिसे मैं बोरियों से ढक कर रखा है तलाशी लेने पर 700 पाव 126 लीटर शराब जिसकी कीमत 77000 हजार रुपए को जप्त कर धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया ।

कार्रवाई में उपनिक्षक सुयश पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक दामोदर राव ,प्रधान आरक्षक रमाकांत तिवारी, प्रधान आरक्षक संतोष प्रजापति ,आरक्षक विकास कुमार, लव उपाध्याय,सौरभ जैन सैनिक, धनेंद्र त्रिपाठी शामल रहे।

## शासकीय पालीटेक्निक कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर

# मोबाइल के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए सावधानी बरतन किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में मंगलवार को शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज झिंझरी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सुमित शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं, बच्चों के अधिकारों और उनके संरक्षण की योजना 2015 के बारे में बताया एवं मूल अधिकार, मूल कर्तव्य, मोटर यान अधिनियम एवंड्राइविंग लॉयसेंस से संबंधित कानूनी जानकारी दी गई।

शिविर के दौरान हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी ने निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा टोल फ्री नम्बर 15100 के बारे में अवगत कराया।साथ ही अंजू रेखा तिवारी सामाजिक कार्यकता के द्वारा छात्र-छात्राओं को (तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़तिों के लिए विधिक सेवाएं) नालसा योजना 2015 के संबंध में बताते हुये मोबाइल के दुष्प्रभावो के बारे में भी अवगत कराते हुए सचेत किया कि वे मोबाइल का उपयोग सावधानी पूर्वक एवं अपने ज्ञानवर्धन के लिए ही करें।

इस अवसर पर पॉलीटेक्निक कॉलेज से प्राचार्य, शिक्षकगणएवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कर्मचारी राजनिवास पाण्डेय, अंकित रिछारिया एवं छात्र-छात्राए उपस्थित रहें।

## दलीपुर में चौपाल के माध्यम से लोगों को किया जागरूक



विकासखंड कटनी के अंतर्गत सेक्टर क्रमांक एक मझगवां फाटक के ग्राम दलीपुर के आदिवासी मोहल्ले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आयोजित चौपाल में नवांकुर संस्था देवडोंगरा सेक्टर क्रमांक 1 के द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत ग्रामवासियों को प्राकृतिक जल स्रोतों, कुआं,तालाब, बावड़ी के संरक्षण के लिए सहयोग देने हेतु प्रेरित किया गया एवं वर्षा जल को बचाने के लिए घर–घर में सभी को सोख्ता गड्ढा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस आयोजन में ग्राम पंचायत सरपंच,पंचगण सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासियों की उपस्थिति रही ।

## शत-प्रतिशत रहा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सीबीएसई द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वींका परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एनकेजे कटनी का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है। कक्षा 12 में विज्ञान के 35 छात्र,कॉमर्स के 20 छात्र एवं ह्यूमैनिटीज में 23 छात्र मिलाकर कुल 78 छात्र शामिल हुए।

विज्ञान संकाय में अनन्या तिवारी ने95.4प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्था न, रिशु मौर्य ने93.4प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान,अभिनव गर्ग ने 92.2प्रतिशत अंकों के साथतृतीय स्थान,प्रथम रघुवंशी ने 91.8प्रतिशत अंको के साथचतुर्थ स्थान, आशी कृष्णामूर्ति ने 91प्रतिशत अंको के साथपांचवां स्थानएवं विशेष पटेल ने 90.6प्रतिशत अंको के साथ छठवां स्थान प्राप्त किया।परीक्षा में26 छात्र 75 प्रतिशतसे अधिक अंकों के साथ प्रथम श्रेणी से पास हुए।

इसी प्रकार कॉमर्स संकाय में मानसी अहिरवार ने 93.4प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान, शिवानी गुप्ता ने90.8प्रतिशत अंको के साथके साथ द्वितीय स्थान,सौरभ दुबे ने90.2प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। शिवानी गुप्ता ने आईपीविषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किया।

मानवीय संकाय में महक सिंह खटीक ने 94.8प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम,भूमि गुप्ता ने 93.6प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीयएवं तुषार पटेल ने 91.2प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार कक्षा दसवीं में 105 छात्र शामिल हुए थे।ये सभी छात्र उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार 10वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।जिसमें अदिति मौर्य ने95.4प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, स्नेहा राज ने 94.6प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, स्मृति रंजन मोहंती ने 93.8प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थाकन, स्मृति प्यासी ने 93.8प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान अर्जित किया। अदिति मौर्य व स्नेहा राज ने एआई में 100 में 100 अंक प्राप्त किए ।

विद्यालय के प्राचार्य श्री पंकज कुमार जैन ने छात्रों एवं शिक्षकों को बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



## सड़क किनारे गंदे पानी से लोग परेशान

**उमरियापान।** उमरियापान-ढीमरखेड़ा मुख्य मार्ग में मडेरा कॉलोनी में सड़क के किनारे गन्दा पानी जमा है। यहाँ लोगों के घरों से निकलने वाला गन्दा पानी और बारिश का पानी एकत्रित हो गया है। नाली में पानी न जाकर सड़क पर ही जमा हो रहा है। सड़क किनारे जमा गन्दे पानी में कीड़े बिलबिला रहे हैं। गंदे पानी से दुर्गंध भी आती है। जिससे कि यहाँ रहने वाले लोग परेशान है।बदबूदार दुर्गंध आने से लोगों को बीमार होने का डर सता रहा है।गर्मी के इन दिनों में ज्यादा तकलीफ ग्रामीणों को होती है। ग्रामीणों ने बताया कि नाली जाम होने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। घरों से निकलने वाला निस्तार का पानी नाली में जाकर सीधे सड़कों पर एकत्रित हो रहा है। आगे की निकासी न होने के कारण पानी सड़क पर जमा रहता है।वाहनों के निकलने से जमा पानी लोगों के ऊपर उचटता है। जिससे लोगों के कपड़े खराब हो जाते है और उन्हें परेशान होना पड़ता है।उल्टी दस्त के प्रकोप के बीच गन्दा पानी जमा होने से ग्रामीणों में बीमारियां फैलने का डर भी है।

## महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार ग्राम बम्हनी निवासी सुनीता विश्वकर्मा पति राजेश विश्वकर्मा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि रोज की तरह खाना खाकर बच्चों संग परिवार सोया हुआ था रात्रि करीब 1:00 बजे दूधमुंही छोटी बच्ची की रोने की आवाज आई जिसे सुन बड़ी बहन उठकर देखा तो उसकी मां कमरे में नहीं थी। बिटिया ने बाहर देखा जब नहीं मिली तो अंदर दूसरे कमरे में जाकर देखा तो मृतिका फांसी के फंदे पर झूल रही थी। बेटी ने पिता एवं पड़ोसियों को आवाज़ लगाई जब तक लोग पहुंचे लेकिन बहुत देर हो चुकी थी। घटना की सूचना उमरिया पान थाने को दी। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य इकट्ठा किए। पुलिस ने मृतक महिला के परिवार के सदस्यों से पूछताछ की और घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

पुलिस ने मृतक महिला के पति से पूछताछ की जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव से गुजर रही थीं। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी के साथ कुछ दिनों से अनबन चल रही थी, जिसके कारण वह तनावग्रस्त थीं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में सिविल डिफेंस की बैठक आयोजित

# नागरिक सुरक्षा के आवश्यक प्रबंध व आपदा प्रबंधन की सभी तैयारियां पूरी रखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने राष्ट्रीय परिस्थितियों और वर्तमान परिदृश्य को देखते हुये जिले में आपदा प्रबंधन के तहत नागरिक सुरक्षा के सभी जरूरी प्रबंध किये जाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने यह निर्देश मंगलवार को सिविल डिफेंस की आयोजित बैठक में दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहेरिया, वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा एवं अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रहे।



बैठक में बताया गया कि आपदा प्रबंधन के दौरान 12 सेवाओं के लिए कमेटी गठित कर नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए हैं। ये सभी कमेटी आपात स्थितियों में सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करेंगी। बैठक में कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों जैसे सरपंच एवं नगर निगम वार्ड के पार्षदों की ट्रेनिंग कराने के निर्देश दिए हैं। यह ट्रेनिंग बुधवार से शुरू होगी। ट्रेनिंग के दौरान सायरन, मॉक ड्रिल एवं सोशल मीडिया के बारे में जानकारी दी जाएगी।

कलेक्टर ने 1500 वॉलंटियर्स का रजिस्ट्रेशन कराकर उन्हें भी ट्रेनिंग कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन वॉलंटियर्स में एनसीसी एवं एक्स सर्विसमैन को भी शामिल किया जाये। साथ ही एंबुलेंस एवं अग्निशमन की भी ट्रेनिंग करवाई जाये कि आपात स्थिति में उन्हें कैसे कार्य करना है।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि परिवहन विभाग सभी स्कूलों की सूची मंगाकर बसों की फिटनेस, इंश्योरेंस आदि चेक करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा सभी विभागों को एसओपी तैयार कर जल्द भेजने के निर्देश दिए गए सभी को पुलिस कंट्रोल नंबर, कलेक्ट्रेट कंट्रोल नंबर एवं अग्निशमन नंबर रखने के निर्देश दिए गए।

### बचाव के तरीकों से अवगत कराने के निर्देश

कलेक्टर श्री यादव ने नागरिक सुरक्षा के तहत सभी आवश्यक प्रबंध तथा नागरिकों को आपात स्थिति में आवश्यक सावधानियां तथा बचाव के तरीकों से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। नागरिकों को तात्कालिक सूचना के लिए पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम को चिन्हित करने तथा आवश्यकता होने पर उपयोग के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में आयुक्त और नगर पालिका अधिकारियों को रेड तथा ग्रीन अलर्ट सूचना के लिए सायरन की आवश्यक व्यवस्था के संबंध में भी निर्देशित किया है।

कलेक्टर ने खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग को आवश्यक राशन व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित पंचायत ग्रामीण विकास, ऊर्जा तथा आपदा प्रबंधन के अंतर्गत की जाने वाली सभी कार्यवाहियों के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी पूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन सुनिश्चित करने कहा है। अत्यावश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों के अधिकारियों को जिला आपदा प्रबंधन कार्य योजना के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए चौबीसों घंटे जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा संपर्क नंबर का प्रचार करने निर्देश दिए हैं।

## ग्राम अंतर्वेद में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में गुरुवार 15 मई को शाम 4 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर श्री यादव जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए।समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### यहां भी होगा कार्यक्रम

लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्वेद के अलावा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़िया में होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 4 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

## खबर संक्षेप

### नामान्तरण की समस्त प्रविष्टियां हुई विलोपित

**कटनी।** कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा जारी पत्र के आधार पर राजस्व अधिकारी नगर निगम कटनी जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा बाबू बंशरूप वार्ड क्रं. 29 की कर पंजी के भूमि, भवन क्रं. 1291 में कर निर्धारण, नामांतरण, विचाराधीन नामांतरण की समस्त प्रविष्टियां विलोपित की जाकर संबंधितों को सूचित किया गया है। राजस्व अधिकारी श्री पाठक द्वारा अजय माली पिताश्री शंकर लाल माली, निवासी बरगवां नेहरू वार्ड को प्रेषित पत्र में उल्लेखित किया गया है कि अजय माली द्वारा 30 अगस्त 2021 को खसरा पांच शाला की कापी एवं शपथपत्र संलग्न कर, कर निर्धारण की मांग की गई थी। संलग्न दस्तावेज एवं संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व उपनिरीक्षक के स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्ताव में की गई अनुशंसा के आधार पर मात्र सुगम कर वसूली के दृष्टिगत बाबू बंशरूप वार्ड की कर पंजी में भूमि,भवन क्रं. 1291 में करारोपण दर्ज किया गया था। उल्लेखनीय है कि अजय माली द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से उक्त भूमि के अंश भागों के विक्रय पृथक-पृथक व्यक्तियों को किया गया था। सार्वजनिक विज्ञप्ति प्रकाशन पश्चात समयावधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर 05 व्यक्तियों के पृथक-पृथक नामांतरण सुगम कर वसूली हेतु निगम अभिलेख में दर्ज किये गये, जबकि छटवां नामांतरण विचाराधीन है। जारी पत्र में उल्लेखित किया गया है कि कर पंजी में नाम दर्ज करने का आधार तत्समय प्रस्तुत खसरा पंचशाला की कापी थी, जिसे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी के द्वारा निरस्त कर दिया गया है।

### सर्प के काटने से बालिका की इलाज दौरान मौत

**कटनी।** जहरीले सर्प के काटने से एक बालिका की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कुठला थाना अंतर्गत ग्राम टिकरिया में आंगन में खेल रही मासूम को जहरीले सांप ने काट लिया, परिजनों के द्वारा मासूम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बच्ची के मामा राजकुमार ने जानकारी में बताया कि बीती शाम को घर आंगन में खेल रही 7 वर्षीय कंचन कुमारी कोल को जहरीले सांप ने काट लिया था जिसे इलाके के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया इलाज के दौरान देर रात 12:30 बजे बच्ची की मौत हो गई है।

### प्रौढ़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कटनी।** एक प्रौढ़ ने फांसी लगाकर के आत्महत्या कर ली है। घटना एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केवलारी की है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम केवलारी थाना एनकेजे में प्रेमलाल कोल पिता नमईया कोल 55 ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या की ली है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को पकड़ा



**कटनी।** जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को बाकल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम मंगेला में दबिश देकर जुआरियों को गिरफ्तार किया। नारायण उर्फ साहब सिंह लोधी 66, मुन्ना लाल 55, भूरा उर्फ नरवद चौधरी 50 सभी निवासी ग्राम मंगेला को जुआ खेलते पकड़ा है। जुआरियों के पास से तासपत्ते जब्त करते हुए जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### चाकू सहत युवक पकड़ाया

**कटनी।** किसी वारदात को अंजाम देने की नीयत से चाकू लेकर घूम रहे एक युवक को कुठला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने विशाल उर्फ चुटुआ चौधरी निवासी इंद्रानगर को चाकू सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्ट्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### महापौर ने कहा विकास कार्यों को लेकर तैयार की गई है रूपरेखा

# नागरिकों की सुविधाओं के लिए एक करोड़ से अधिक के होंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के कुशल नेतृत्व एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के मार्गदर्शन में नगर विकास का सिलसिला अनवरत जारी है। इसी श्रृंखला में नगर विकास को गति प्रदान करते हुए लगभग 7 विकास कार्यों के लिए लगभग 1 करोड़ 11 लाख 35 हजार 668 रुपये की निविदा आमंत्रण सूचना टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से जारी की गई। यह निर्णय जनता की बहुप्रतीक्षित आवश्यकताओं और सुझावों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

#### इन विकास कार्यो की सौगात

नागरिकों की सुविधा हेतु निगम प्रशासन द्वारा जिन विकास कार्यों के टेंडर जारी किये गए है उनमें विशेष रूप से सुगम पानी निकासी की व्यवस्था हेतु जगमोहन दास वार्ड में विभिन्न स्थानों पर 32 लाख 97 हजार 906 रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य सहित जाकिर हुसैन वार्ड स्थित संजय नगर में अनिल बर्मन के घर से अमीर गंज तालाब 16 लाख 8 हजार 445 रुपये की लागत से आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य सहित पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में अमन खटीक के घर के पास 4 लाख 85 हजार 922 रुपये की लागत से सी.सी नाली निर्माण कार्य का काम शामिल है।

जबकि आम नागरिकों की मांग एवं जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए हेमू कालाणी वार्ड स्थित जेठानंद गली में 17 लाख 85 हजार 586 रूपये की लागत से सी.सी.रोड़ निर्माण एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में डॉ तोमर गौर मार्ग तथा अंशुल गुप्ता के घर के सामने 4 लाख 87 हजार 766 रूपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य के टेंडर जारी किये गए है।

#### सुविधाओं को प्राथमिकता

निगम प्रशासन ने यह कदम स्वच्छता, सुविधा और नागरिक सम्मान को प्राथमिकता देते हुए उठाया है, जिससे वार्ड अधिक सुव्यवस्थित और नागरिकों के लिए सुविधाजनक बन सकेगा। निविदा सूचना टेंडर में उपरोक्त नाली एवं सड़क निर्माण कार्यों को वर्षों से स्थानीय नागरिकों, की मांग को दृष्टिगत रखते हुए प्रमुखता से शामिल किया गया है। इन निर्माण कार्यो के हो जाने से पानी निकासी एवं समस्या का स्थाई समाधान संभव हो सकेगा।

#### जल्द शुरू कराएं जाएंगे कार्य

महापौर श्रीमती सूरी ने बताया कि नगर निगम कार्यालय में विकास कार्यों को लेकर नागरिकों के जितने भी आवेदन, मांग पत्र प्राप्त होते है उन पर विचार विमर्श कर रूपरेखा तैयार की गई है व कुछ आवश्यक कार्यों की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य आदेश जारी कर दिए गए है। कुछ. कार्यों की निविदा प्रक्रिया चल रही है जल्द ही नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सभी कार्यों की कार्यवाही पूरी की जाकर निर्माण कार्यों को जनहित में शुरू कराया जाएगा।

#### 31.27 लाख की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन

नागरिकों के यहां होने वाले छोटे कार्यक्रमों को सुगमता से साथ अच्छी तरह से संपादित कराने हेतु निगम प्रशासन द्वारा नवीन पहल की जाकर विभिन्न वार्डो में गुणवत्तापूर्ण एवं सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवनों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उपनगरीय क्षेत्र जाकिर हुसैन वार्ड के नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए संजय नगर खेरमाई मंदिर के पास 31 लाख 27 हजार 336 रुपये से सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कराने की निविदा जारी की गई है। सामुदायिक भवन के निर्माण हो जाने से स्थानीय नागरिकों को अपने घरों के शादी,ब्याह, जन्मदिन एवं अन्य कार्यक्रमों को सस्ते दरों पर संपन्न कराने की सुविधा मिल सकेगी। इसके अतिरिक्त नगर निगम के माध्यम से संचालित दीनदयाल रसोई भवन की वर्तमान सुविधाओं के सुदृढीकरण को दृष्टिगत रखते हुए लगभग 3 लाख 49 हजार 707 रुपये की लागत से भवन मरम्मती करण एवं पुताई का कार्य कराये जाने की निविदा जारी की गई है।



## क्रूरतापूर्वक पशुओं को हो रहा था परिवहन, कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

बरही पुलिस ने अवैध रूप से भैंस, पड़ा का परिवहन करने पर ट्रक चालक के विरूद्ध पशु क्रूरता आधिनियम के तहत कार्यवाही की। थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र सिंह यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि खितौली रोड तरफ से एक बिना नंबर 12 चका ट्रक जिसमें अवैध तरीके से पडा, भैंस भरकर परिवहन कर कुछ लोग सतना की ओर ले जा रहे है। सूचना मिलने पर बरही खितौली रोड पर वर्मा पेट्रोल पंप के पास एक बिना नंबर के ट्रक 12 चका को सामने से आते देखा गया। ट्रक के अंदर पडा, भैंस ठूस ठूस कर क्रूरता पूर्वक भरे हुए थे। ट्रक में 21 नग पडा व भैंस भरे हुए पाये गये। जिसमें से एक भैंस क्रूरता पूर्वक ठूंस ठूंस कर भरे होने से भैंस की मृत्यु हो गई थी। उक्त ट्रक चालक मोहम्मद गुलफाम 20 वर्ष निवासी अलीगढ जिला प्रयागराज उ. प्र. एवं उसके दो अन्य साथी को ट्रक से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए गबोन नायक पिता शंकर नायक उम्र 30 साल निवासी सकरा थाना अनुपपुर जिला अनुपपुर एवं बसंत नायक पिता गनपत नायक 30 साल निवासी सकरा थाना अनुपपुर जिला अनुपपुर ने बताया की उनके द्वारा ट्रक में पडा, भैंस को क्रुरता पूर्वक बिना पर्याप्त हवा, पानी, भोजन के ठूंस ठूंस के भर कर परिवहन किया जा रहा था।

ट्रक चालक किसी प्रकार का कागजात पेश नही कर सका। आरोपियों के विरुद्ध धारा 325 बी एन एस, 11 (घ) पशु क्रुरता अधिनियम, एव 66/192(ए) मो.व्ही.एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए ट्रक को जप्त कर लिया गया।

*बाकल पुलिस को मिली सफलता, आदतन चोर है पकड़े गए आरोपित*

## चोरी के दो आरोपितों को किया गिरफ्तार दोनो को न्यायालय में पेश कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बाकल पुलिस ने चोरी के मामले में दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल ने बताया कि 23 मार्च को ग्राम पटोरी खुर्द निवासी प्रवीण कुमार सिंह पिता रघुवीर सिंह गोंड उम्र 25 साल के घर पर अज्ञात चोर के द्वारा घर की दीवार खोद कर नगदी चोरी कर ली गई थी। बाकल पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी कद्दू माझी उर्फ राहुल माझी को 31 मार्च 25 को गिरफ्तार कर अन्य आरोपी के बारे में पूछताछ की गई। जिसने चौकी बिलहरी के निवासी आदतन चोर सत्यभान माझी व पवन जिनके पूर्व में भी चोरी व अवैध शराब को लेकर अपराध अलग अलग जिले में पंजीबद्ध है, जो घटना दिनांक से फरार चल रहे थे जिनकी जानकारी चौकी बिलहरी में दी गई। गत 08 मई 25 को चौकी बिलहरी पुलिस द्वारा उक्त दो आरोपीयों को धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराते हुए गिरफ्तार किया गया।

बाकल पुलिस ने चौकी बिलहरी जाकर उनसे पूछताछ की। जिन्होंने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि घटना दिनांक की रात को आरोपीगण प्रार्थी के घर रॉड से खोद कर अलमारी में रखे नगदी की चोरी की, जिनसे घटना स्थल जाकर सबूत एकत्रित किए गए। बाद में उनसे नगदी पैसों की बरामदगी की गई। दोनों फरार आरोपी सत्यभान पिता चौबे माझी 30 साल निवासी बिलहरी थाना कुठला व पवन माझी पिता देवडोन माझी उम्र 19 साल निवासी बिलहरी थाना कुठला को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी बाकल प्रतीक्षा सिंह चंदेल, सउनि बृजमोहन चौधरी, प्रधान आरक्षक अवधेश मिश्रा, नकुल पटेल, शिव सिंह, आरक्षक सूरलाल, अंकित आदि शामिल रहे।

## मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



सिलौंडी में शासकीय कन्या हाई स्कूल में जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय,मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी,जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे, उपाध्याथ दुर्गा पारस पटेल ,सरपंच पंचों संतोष कुमार , उपसरपंच राहुल राय, जनपद पंचायत सदस्य माधुरी रवि अवस्थी, सरपंच दशरमन सीमा भरत शुक्ला , अमरेश राय ,विजय बागरी ने मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया। सिलौंडी बालक हायर सेकेंडरी,कन्या हाई स्कूल सिलौंडी,शास हायर सेकंडरी कछार गांव बड़ा ,शास हायर सेकेंडरी दशरमन के 29 छात्र छात्रों जो कि 12 वी और 10 वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

## देश और समाजहित में महत्वपूर्ण होगा जाति जनगणना का ऐतिहासिक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा पत्रकार वार्ता में भाजपा नेताओं जाति जनगणना के इस निर्णय को देश और समाजहित मे महत्वपूर्ण बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, पिछड़ा मोर्चा जिला प्रभारी अवधेश यादव, जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला, मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, महामंत्री प्रदीप साहू, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अजय माली, जिला उपाध्यक्ष राकेश यादव, जिला मंत्री विमल साहू, प्रशांत मालवीय, कार्यालय मंत्री सुनील विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष राहुल सराफ, अमित साहू उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने कहा कि जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने के ऐतिहासिक निर्णय का हम सभी तहे दिल से स्वागत करते हैं।

यह साहसिक और पारदर्शी कदम सामाजिक न्याय, सूचित नीति निर्माण तथा भारत के सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा की पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्धता भारत में अंतिम व्यापक जाति जनगणना 1931 में ब्रिटिश सरकार द्वारा आयोजित की गई थी। तब से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के आंकड़ों को छोड़कर, राष्ट्रीय स्तर पर कोई आधिकारिक जाति गणना नहीं हुई है। मोदी सरकार का निर्णय एक ऐतिहासिक और साहसी कदम है जो हाशिए पर पड़े लोगों को सशक्त करेगा, देश की सामाजिक और आर्थिक नींव को मजबूत करेगा और कांग्रेस पार्टी के अवसरवाद और निष्क्रियता के लंबे इतिहास को उजागर करेगा।

*जन सुनवाई में 122 आवेदकों ने बताई अपनी समस्याएं*

## ग्रामीणों ने कहा दो माह से बंद पड़ा ट्रांसफार्मर, ध्यान नहीं दे रहे अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे 122 आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं एवं संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। यह जनसुनवाई समस्त उपखंड, तहसील एवं जनपद पंचायत सहित ग्राम पंचायत स्तर पर भी आयोजित की गई।

जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता, विंकी उइके एवं ज्योति लिल्हारे मौजूद रहे।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत ढुढरी के ग्रामीणों ने आवेदन देते हुए कलेक्टर श्री यादव को बताया कि विगत 60 दिनों से ट्रांसफार्मर बंद पड़ा हुआ है। जिसकी शिकायत विद्युत विभाग के वरिष्ठ अफसरों से की गई परंतु शिकायत का निराकरण नहीं किया गया। ट्रांसफार्मर बंद होने से ग्रामीणों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने बिजली विभाग को निश्चित समयावधि में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम निवार निवासी नरेश सिंह ने आवेदन देते हुए कहा कि मैं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत ऋण लेकर स्वरोजगार करना चाहता हूँ, परंतु लगातार चक्कर काटने के बाद भी बैंक द्वारा ऋण नहीं दिया जा रहा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने महाप्रबंधक उद्योग विभाग को समय-सीमा में शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक अन्य आवेदक ग्राम खमतरा तहसील बहोरीबंद निवासी अदिति सिंह ने आवेदन देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत मैं अपनी किराना दुकान का विस्तार करना चाहती हूँ। लेकिन फॉर्म भरने के 6 माह बाद भी मुझे ऋण स्वीकृत नहीं किया गया है। कलेक्टर ने निराकरण के निर्देश दिये गए। बड़गांव निवासी राजेन्द्र कुमार लोधी ने आवेदन के माध्यम से बताया कि वर्ष 2024 में मैंने राशन पात्रता पर्ची हेतु आवेदन किया था परंतु मुझे अभी तक राशन पात्रता पर्ची प्रदान नहीं की गई है। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निश्चित समयावधि में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### कार्यों में रूचि नहीं लेने पर 24 जीआरएस को जारी हुआ नोटिस

## 11 लापरवाह रोजगार सहायकों को शासकीय कार्यों से किया विरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के बाद इसके घटक खेत तालाब, कपिलधारा कूप निर्माण, रिचार्ज पिट आदि के कार्यों में वांछित रूचि नहीं लेने और वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों की अवहेलना करने पर 11 रोजगार सहायकों को संबंधित जनपद पंचायतों के कार्यालय में संलग्न करते हुये शासकीय कार्यो से विरत रखने का आदेश जारी किया है। इस अवधि में इन सभी 11 रोजगार सहायकों को 50 प्रतिशत पारिश्रमिक देय होगा। जबकि 24 ग्राम रोजगार रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत शाहपुर के ग्राम रोजगार सहायक अश्विनी गौतम और नसीम खान, विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत विरहुली के ग्राम रोजगार सहायक अमित नायक व ग्राम पंचायत बकलेहटा के ग्राम रोजगार सहायक चंद्रभान पटेल तथा विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत घुंघरी के ग्राम रोजगार सहायक दिलीप गौतम, विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत वनगवां के रोजगार सहायक हेमराज उपाध्याय एवं ग्राम पंचायत खितौली के ग्राम रोजगार सहायक देवानंद रजक और विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत जुजावल के ग्राम रोजगार सहायक बसंत हल्दकार एवं ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद के रोजगार सहायक सुरेन्द्र सिंह ठाकुर तथा विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत नन्हवाराकलां के ग्राम रोजगार सहायक आलोक सोनी एवं ग्राम पंचायत जिजनौड़ी के ग्राम रोजगार सहायक आशुतोष तिवारी को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध ग्राम पंचायत में कार्य प्रारंभ नहीं करने और कार्यों में रूचि नहीं लेने पर शासकीय कार्य से विरत कर दिया गया है। साथ ही संबंधित विकासखंडों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे संबंधित रोजगार सहायक की निर्धारित समयावधि में विस्तृत जांच कर अभिलेखों एवं साक्ष्य सहित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

#### इनको जारी हुआ नोटिस

जिला सीईओ गेमावत ने जल गंगा संवर्धन के कार्यों का क्रियान्वयन समय-सीमा में नहीं करने पर 24 ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। जिन ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी हुआ है, उनमें विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत पोनिया के विजय पटेल, ग्राम पंचायत मुड़ेहरा के भूपेन्द्र बड़गइया, ग्राम पंचायत डीही के रश्मि निषाद, ग्राम पंचायत सिंगौड़ी के शिवमोहन सिंह बघेल, ग्राम पंचायत झिरिया के सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय, ग्राम पंचायत कांटी के सुनील चौधरी और विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत पचपेहड़ी के सीमा पटेल, ग्राम पंचायत सिलौंड़ी के अमरीश राय, ग्राम पंचायत देवरी बिछिया के दुर्गा श्रीवास, ग्राम पंचायत मुरवारी के सतीश गौतम एवं ग्राम पंचायत मंगेली के अंकित पाण्डेय व ग्राम पंचायत परसेल के रामचन्द्र यादव और विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत अमाड़ी के गुलाब यादव, ग्राम पंचायत गणेशपुर के नरेन्द्र पटेल, ग्राम पंचायत खिरहनी के भरत विश्वकर्मा, ग्राम पंचायत भुड़सा के राजेश विश्वकर्मा और विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत पिपरिया परौहा के अमर बहादुर, ग्राम पंचायत पटेहरा के राजकुमार बर्मन को प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण कराये जाने में प्रगति अत्यंत कम होने के कारण, कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसके अलावा विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत बड़खेरा के ग्राम रोजगार सहायक पुरषोत्तम कोल, ग्राम पंचायत डिडवारा के देवराज सिंह व ग्राम पंचायत पठरा के मग्गू पटेल को भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसके अलावा विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत बड़खेरा भरदा के ग्राम रोजगार सहायक भागचंद कुशवाहा, ग्राम पंचायत बंधी के ग्राम रोजगार सहायक अजय चौधरी एवं ग्राम पंचायत भेड़ा के ग्राम रोजगार सहायक पुष्पराज हल्दकार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

## श्रमिक कार्डधारकों के आयुष्मान कार्ड बनाने आयोजित हुए शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगम सीमांतर्गत 45 वार्डो में निवासरत श्रमिक कार्डधारकों को आयुष्मान कार्ड का लाभ प्रदान करनें के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देशन में मंगलवार से वार्डवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा एक आदेश जारी आदेश के अनुसार मंगलवार 13 मई को शिविर के प्रथम दिवस बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक 1 स्थित पन्ना मोड आंगनबड़ी गली नंबर -2, बिरसा मुंडा वार्ड क्रमांक 2 स्थित चक्की घाट वार्ड पार्षद के घर के पास शिविर का आयोजन किया गया। श्रमिक कार्डधारियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 3 में शासकीय स्कूल पहरूवा व इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 4 में प्रजापति मोहल्ला धर्मशाला, ऑडिटोरियम बस स्टैंड के साथ ही राम मनोहर लोहिया वार्ड क्रमांक 5 हेतु बीकानेर के सामने शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर निगम के वार्ड दरोगाओं एवं स्वास्थ विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा श्रमिक कार्डधारियों को शिविर की सूचना प्रदान की जाकर शिविर में उपस्थित होने वाले श्रमिक कार्डधारियों के आयुष्मान कार्ड बनानें का कार्य किया गया।

निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा जारी आदेशानुसार बुधवार 14 मई को पुनः इन्हीं पांच वार्डो में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आयुष्मान कार्ड की सुविधा का लाभ प्राप्त करने से वंचित कार्डधारियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु क्षेत्रीय वार्ड दरोगाओं को निर्देशित किया गया है।

**खबर संक्षेप**

## रश्मि पटेल ने बोरी क्षेत्र में किया परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन, कक्षा 10वीं में प्राप्त किए 96 प्रति. अंक

**पन्ना।** बोरी क्षेत्र की होनहार छात्रा रश्मी पटेल पिता प्रसादी पटेल ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में 96: अंक हासिल कर पूरे क्षेत्र में गर्व का माहौल बना दिया है। सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बोरी की छात्रा रश्मी ने न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है, बल्कि स्कूल और पूरे क्षेत्र का मान भी बढ़ाया है। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से शिक्षकगण और ग्रामीणों में भी खुशी की लहर है। रश्मी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने बताया कि रोजाना नियमित पढ़ाई और विषयों की गहराई से समझ ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। रश्मी का सपना है कि वह आगे चलकर डॉक्टर बने और समाज की सेवा करे। ग्रामवासी और विद्यालय प्रशासन ने रश्मी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## 29 मई को आ सकते हैं मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**पन्ना।** कलेक्टर ने जानकारी दी कि आगामी 29 मई को छत्रसाल जयंती पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पन्ना आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री इस अवसर पर नगर के पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउण्ड में पन्ना नगर के तीसरे गौरव दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह भी संपन्न कराया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के सम्मेलन सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी होगा। जिला कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन के दृष्टिगत तथा संस्कृति विभाग के कैलेण्डर में महाशिवरात्रि एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की भांति छत्रसाल जयंती को भी शामिल करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

## दबंग द्वारा जेसीबी मशीन से शासकीय सड़क को खोदकर कर खेत में मिलाया

**अमानगंज।** पन्ना जिले में दबंगों द्वारा मनमानी की जा रही है एवं सड़कों को जबरदस्ती ट्रैक्टर एवं जेसीबी मशीन से खोदकर कर अपने खेतों में मिलाया जा रहा है जिससे ग्राम वासियों का निकलना मुश्किल हो रहा है तथा आम रास्ता बंद हो गई है। इसी प्रकार का मामला जनपद पंचायत गुनौर अंतर्गत ग्राम पंचायत जिजगाव का सामने आया है ग्राम पंचायत के ग्राम इटोरा में 13 वर्ष पूर्व मनरेगा योजना से जीएसबी मिट्टी मोरम गिट्टी की सड़क बनाई गई थी उक्त सड़क पर वर्ष 2012-13 में 4 लाख से अधिक की राशि खर्च की गई थी तथा इस सड़क से इटोरा ग्राम के लोग मुख्य सड़क बिल्हा अमानगंज जाते थे लेकिन कुछ दिनों पूर्व उक्त सड़क को ग्राम के ही दबंग मुन्ना राजा ने जेसीबी मशीन तथा ट्रैक्टर से सड़क को खोद दिया एवं भारी-भारी गड्ढे कर दिए गए जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है ग्रामीणों द्वाराउक्त संबंध में तहसीलदार अमानगंज को आवेदन दिया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई तो ग्रामीणों ने पन्ना पहुंचकर कलेक्टर जनसुनवाई में आवेदन दिया है कलेक्टर ने एसडीम गुनौर से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं आवेदन देने वालों में कमलेश शर्मा बृजपाल सिंह सुरेंद्र मनोज विनोद सत्येंद्र सहित अनेक लोग शामिल रहे।

### ग्रामीणों में नाराजगी, बिना अधिकारियों के नहीं हो पा रहा निराकरण

# जनसुनवाई में नहीं पहुंचे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

ग्राम पंचायत सिंग्रामपुर में आयोजित जनसुनवाई में अधिकांश अधिकारी नहीं पहुंचे, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। जनसुनवाई में केवल चार विभागों के अधिकारी ही मौजूद थे। जबकि अन्य विभागों के अधिकारी अनुपस्थित थे। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सामने आई है जिसमें - नल जल योजना के अंतर्गत पानी की सप्लाई ठप्प पड़ी है। पाइप लीकेज के कारण पानी व्यर्थ बह रहा है। ग्राम में साफ-सफाई की समस्या बनी हुई है- नालियां चोक होने के कारण नाली का पानी सीसी सड़क पर बह रहा है।

### सरपंच और सचिव का आश्वासन

सरपंच प्रतिनिधि अजय सोनकर ने बताया कि एक हफ्ते के अंदर ग्राम की नालियों की साफ-सफाई की जाएगी। सचिव लालचंद्र राय ने बताया कि कटंगी नगर से साफ-सफाई कर्मचारियों को बुलाकर ग्राम की नालियों की सफाई की जाएगी। नल जल योजना अधिकारियों को पानी सप्लाई के संबंध में अवगत करा दिया गया है। जनसुनवाई में मौजूद अधिकारीः- के एल चौरसियाचंद्र मोहन शर्मा (पटवारी सिंग्रामपुर)सचिव लाल चंद्र राय सरपंच प्रतिनिधि अजय सोनकरआंगनवाड़ी कार्यकर्ता किरण जैन और देवयती तिवारी की उपस्तिथि रही बाकी विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति से ग्रामीणों में नाराजगी है और ग्रामीणों का आरोप है जनसुनवाई में अधिकारियों की नदारत रहने से उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है।



## सांदीपनि विद्यालय जबेरा का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा घोषित किए गए हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा परिणामों में सांदीपनि विद्यालय जबेरा ने उत्कृष्ट सफलता अर्जित करते हुए कक्षा दसवीं में 90% एवं कक्षा 12वीं में 68% से अधिक परीक्षा परिणाम प्राप्त किया है। हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में सांदीपनि विद्यालय जबेरा से 120 छात्रों ने भाग लिया जिसमें 108 छात्र उत्तीर्ण हुए। जिसमें 91 छात्रों ने प्रथम एवं 17 छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसमें परीक्षा परिणाम 90% रहा। इसी तरह हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में विद्यालय से 94 छात्रों ने भाग लिया। जिसमें 47 छात्र प्रथम एवं 17 छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसमें परीक्षा परिणाम 68 प्रतिशत से अधिक रहा। विद्यालय प्राचार्य संजय बाजपेई एवं उपप्राचार्य अजय सिंघई ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं में वह चाहे किसी भी स्तर की हो शत प्रतिशत परिणाम देने विद्यालय का मुख्य लक्ष्य रहा है इसके लिए समस्त स्टाफ निरंतर मेहनत कर रहा है और अच्छे परिणामों के लिए हम अभिभावकों से भी बैठकों के माध्यम से मार्गदर्शन एवं सुझाव प्राप्त करते रहते हैं। कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट सफलता अर्जित करने वाले सभी छात्रों को शिक्षक उमेश शर्मा, पप्पू राय, रामकिशोर शर्मा, विनोद पटेल, सुखनंदन साहू, विवेक जैन, माखनलाल साहू, मुन्नी ठाकुर, अर्चना खरे, दुर्गा पटेल, उषा लोधी सहित समस्त स्टाफ ने शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## भगवान जागेश्वरनाथ का बूढ़े महादेव के रूप में दिव्य श्रृंगार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बांदकपुर धाम में वैशाख पूर्णिमा को भगवान जागेश्वरनाथ का बूढ़े महादेव के रूप में दिव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने महादेव के अलौकिक और दुर्लभ दर्शन किए। भगवान का श्रृंगार जटाओं से सुसज्जित दाढ़ी, मूछ और भगवा वस्त्रों से किया गया था। दिव्य श्रृंगार और दर्शनों का महत्व भगवान जागेश्वरनाथ के बूढ़े महादेव के रूप में श्रृंगार का विशेष महत्व है।

इस दिव्य और दुर्लभ दर्शन के लिए जिले सहित आसपास के जिलों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर प्रबंधन पंडित श्रीराम कृपाल पाठक ने बताया कि वैशाख पूर्णिमा को देवश्री जागेश्वरनाथ के दर्शनों के लिए सुबह 5 बजे से पट खुलेंगे और पूरे दिन दर्शन पूजन का क्रम चलता रहेगा।

### श्रद्धालुओं की भीड़

सांध्य आरती के समय रात्रि 8:00 बजे भगवान का बूढ़े महादेव के दिव्य व भव्य श्रंगार किया गया, जिनके दर्शनों के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। बांदकपुर धाम में इस अवसर पर भक्तों की आस्था और विश्वास का केंद्र बना।

## युवा संगम रोजगार मेला 28 मई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है राज्य सरकार के मार्गदर्शन में दो बड़े कदम जिला स्तर पर उठाये जा रहे हैं। जैसा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का ज़ोर इस बात पर है कि हमारे यहाँ के युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए और किसी भी युवा को विवश होकर किसी अन्य स्थानों पर जाने की स्थिति ना बने। दमोह जिले में रोजगार के लिये अत्यधिक लोग बाहर चले जाते है, हमारे ग्रामीण अंचलों से खास तौर पर और बहुत सारे युवा दिल्ली, गुडगाँव, हैदराबाद, नोएडा और अन्य जगहों पर रोजगार की तलाश में जाते हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा राज्य सरकार ने इनिशिएटिव लिया है, जिले में बहुत बड़े पैमाने पर 27 मई 2025 को एक बड़ा युवा संगम रोजगार मेला पॉलिटेक्निक कॉलेज में लगा रहे हैं । लगभग 2266 वेकेंसी मिली है, प्राइवेट सेक्टर में। उन्होनें बताया करीब 12 कंपनियां देशभर की 27 मई को दमोह आ रही है, इन पदों पर नियुक्ति करने के लिए कंपनी जिले के विद्यार्थियों को चयन करने के लिए आ रही और इसमें जो क्वालिफिकेशन रखी गई है, कई पद तो ऐसे हैं, जिसमें केवल पांचवी पास चाहिए कई पद ऐसे हैं, जिसमें केवल आठवीं पास चाहिए। कई पद ऐसे हैं, जिसमें केवल दसवीं पास चाहिए । कई पद ऐसे हैं, जिसमें केवल बारहवीं पास चाहिए। कुछ पद ऐसे हैं, जिसमें आई.टी.आई और डिप्लोमा चाहिए। मिनिमम पांचवी पास से लेकर के अधिकतम आई.टी.आई डिप्लोमा तक उनको युवाओं की तलाश है, और इसमें 2266 वेकेंसी है, उसमें 1764 पद पुरुषों के लिए है और 802 पद महिलाओं के लिए इस प्रकार से 2266 पद हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा 2266 पदों की बहुत अधिक संख्या होती है और हमारा पूरा प्रयास है, की पूरे दमोह जिले में इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाये और अधिक से अधिक बच्चों को मोटिवेट किया जाये की वह यहाँ आए और इस दिन कंपनी के जो रिप्रेजेंटेटिव हैं, जो एच.आर हेड्स है, वह यहाँ पर आएँगे और यदि उनको प्रतिभाशाली युवा मिल जाते हैं, तो उन युवाओं को रोजगार स्थाई रूप से इन कंपनी में दिलाया जाएगा और यह कंपनी ट्रेनिंग भी देती है, रोजगार भी देती है, और इसमें आयु का क्राइटीरिया है, वो भी बड़ा नॉर्मल है, 18 साल से लेकर 35 साल के आयु वर्ग के पुरुष और महिला दोनों हैं, उनको बहुत अच्छे रोजगार का अवसर सबके सामने है। उन्होंने कहा 27 मई को बिलकुल नहीं भूलना है। जितने युवा हैं, पूरी जानकारी अभी फ्लैश करेंगे की किस किस पद के लिए कौन -कौन सी कंपनी आ रही है और उस में क्या जॉब की रिक्वायरमेंट्स हैं। श्री कोचर ने कहा, इस मेले को सफल बनाएं और रोजगार प्राप्त करें। ताकि आपको विवश होकर के रोजगार के लिये कहीं बाहर न जाना पड़े। उन्होंने कहा जिले में प्रयास किया जा रहा है, लार्सन एण्ड टुब्रो जो कंपनी है, यह बहुत बड़ी कंपनी है और लार्सन एण्ड टुब्रो का एक इनिशिएटिव है। उनकी कैपेसिटी यह है कि वह हर महीने लगभग 100 युवाओं को रोजगार दे सकते हैं। प्लान किया है की 29 मई से लेकर के 31 मई तक लार्सन एण्ड टुब्रो का एक काउँसिलिंग शिविर आयोजित कर रहे हैं और ये काउँसिलिंग शिविर तेंदूखेड़ा, जबेरा, हटा और पटेरा इन चार क्षेत्रों में करने जा रहे हैं। इसके बाद बाकी के ब्लॉक्स को हम लेंगे तो इनमें युवाओं को बड़ी संख्या में बुलाया जायेगा।

## जिले की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रारंभ

**दमोह।** शैक्षणिक सत्र 2025- 26 के लिए जिले की समस्त शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो चुके हैं एवं च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया 10 मई 2025 से प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के पोर्टल (**www.dsd.mp.gov.in**) पर प्रवेश रजिस्ट्रेशन 2025 पर जाकर रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार एवं चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। पंजीयन हेतु अंतिम तिथि 31 मई 2025 निर्धारित की गई है आई.टी.आई में प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वी उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में व्यवसाय इलेक्ट्रीशियन, फिटर, डीजल, वेल्डर, स्टेनो, कोपा, सोलर आदि रोजगार उन्मुखी व्यवसायों में प्रशिक्षण प्राप्त कर कौशल एवं रोजगार के क्षेत्र में कैरियर निर्माण कर सकते हैं।

## युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक रूप में नामांकन के लिए आमंत्रित

**दमोह।** माय भारत, युवा मामले कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, देशभर के युवाओं को माई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में लिए नामांकन के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कर रहा है। यह राष्ट्रव्यापी आवाहन युवा नागरिकों को राष्ट्रीय कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने का एक संगठित प्रयास है, विशेष रूप में आपातकालीन और संकट की स्थितियों में इस पहल का उद्देश्य एक प्रशिक्षित, उत्तरदायी और लचीला स्वयंसेवी शक्ति का निर्माण करना है, जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अनापेक्षित स्थितियों के समय नागरिक प्रशासन का सहयोग कर सके। वर्तमान परिदृश्य और उभरती सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, एक मजबूत, समुदाय-आधारित प्रकिया तंत्र स्थापित करने की तत्काल और बढती आवश्यकता है। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि वे स्थानीय प्रशासन को कई सेवाओं में सहयोग प्रदान करते है, जैसे कि बचाव और निकासी अभियान, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा प्रकिया और पुनर्वास प्रयासों में सहायता करना शामिल है। एक तैयार और प्रशिक्षित नागरिक बल की आवश्यकता आज पहले से कहीं अधिक है और माय भारत इस राष्ट्रीय मिशन में योगदान देने के लिए प्रतिबध्द है। माय भारत, अपने उर्जावान युवा स्वयंसेवकों के नेटवर्क-तथा सभी उत्साही युवाओं-से आग्रह करता है कि वे आगे आएं और माय भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण करें। इस पहल में मौजूदा माय भारत स्वयंसेवकों के साथ-साथ वे सभी नवयुवक भी शामिल हो सकते हैं, जो राष्ट्र सेवा की इस भूमिका को निभाना चाहते हैं, यह पहल युवाओं में नागरिक उत्तरदायित्व और अनुशासन की भावना विकसित करती है, जो उन्हें व्यवहारिक जीवन रक्षक कौशल एवं प्रशिक्षण प्रदान करती है, ताकि वे संकट की घडी में तुरंत कार्यवाही कर सकें।

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टेट सभाकक्ष में हुई टीएल बैठक के दौरान विभिन्न लंबित प्रकरणों के निराकरण सहित विभिन्न योजनाओं में हितग्राहीमूलक गतिविधियों के क्रियान्वयन व प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को दो दिवस में गत अप्रैल माह की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का प्राथमिकता के साथ संतुष्टिपूर्वक निराकरण के निर्देश भी दिए गए। साथ ही वर्तमान स्थिति में डी श्रेणी वाले विभाग के अधिकारियों को तत्परतापूर्वक कार्य कर 15 मई तक निम्न श्रेणी से बाहर आने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान अमानगंज सीएमओ राममिलन तिवारी को मैपिंग में सुधार तथा अधिक संख्या में लंबित शिकायतों वाले विभाग प्रमुखों को जवाबदेही के साथ शिकायत निराकृत करने के लिए कहा। इसके अलावा तीन श्रेणियों में प्रति दिवस जिले की रैकिंग में सुधार के दृष्टिगत भी आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में सीएचओ, आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम को पाबंद कर प्रतिदिन सीएचओ वाइज लिस्ट अनुसार लक्ष्य के विरूद्ध कार्ड बनाने का कार्य पूरा करें। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक को कृत्रिम गर्भाधान और केसीसी प्रकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा आदिम जाति कल्याण विभाग के क्षेत्र संयोजक को विभागीय कार्यों में सहूलियत के दृष्टिगत आवश्यकता मुताबिक छात्रावास अधीक्षकों का सहयोग प्राप्त करने तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी को गत शैक्षणिक सत्र की छात्रवृत्ति के समस्त प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश भी दिए। समग्र ई-केवायसी कार्य में लापरवाही बरतने वाले सचिव एवं रोजगार सहायक तथा वार्ड प्रभारी के विरूद्ध कार्रवाई की बात कही। बैठक में स्थानीय निकायवार पेंशन हितग्राहियों के आधार ई-केवायसी तथा लक्ष्य आधारित विकास योजनाओं में मासिक लक्ष्य निर्धारित कर वांछित कार्यवाही के लिए राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन, उप संचालक पशुपालन और सहायक संचालक उद्यानिकी को दिए गए।



## स्वास्थ्य के प्रति दिया जन-जागरूकता का संदेश
### बदलते मौसम में सेहत का रखें ख्याल बरते सावधानियां

देवेंद्रनगर।

उपस्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेंद्र प्रजापति ने बदलते मौसम के उतार चढ़ाव और गर्मियों में स्वस्थ जीवन शैली बनाये रखने के लिए स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति दिया संदेश। डॉ राजेंद्र प्रजापति ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि बदलते मौसम मे बढ़ती गर्मी एवं लू के प्रभाव को गंभीरता से लें इससे बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां रखें और सुरक्षित रहें। गर्मी के मौसम में लू लगने का खतरा आम है, लू लगने से शरीर का तापमान मे बढ़ जाता है, मसल्स खिचते हैं, शरीर टूटने लगता है और प्यास बढ़ जाती है, कई बार बुखार आ जाता है, ब्लड प्रेशर लो हो जाता है और लीवर,किडनी में सोडियम पोटेशियम का बैलेंस बिगड़ जाता है ऐसे में कई बार बेहोशी की स्थिति भी बन सकती है, इसके अलावा ब्रेन या हार्ट स्ट्रोक की स्थिति भी हो सकती है। डॉ राजेंद्र ने गर्मी एवं लू बचाव के लिए बताया कि घर से बाहर निकलने से पहले भरपेट पानी पिए, सूती ढीले आरामदायक कपड़े पहने, धूप में निकालते समय अपना सिर ढक कर निकले,टोपी, कपड़ा, गमछा,छतरी का प्रयोग करें। पानी,छाछ, ओआरएस का गोल या घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी,नींबू पानी,आम का पाना इत्यादि का सेवन करें। भरपेट ताजा भोजन व तरल पदार्थ का सेवन करके ही घर से बाहर निकले,धूप में अधिक न निकले,मिर्च मसाले युक्त बासी भोजन न करें,कूलर या एयरकंडीशनर से धूप में एकदम ना निकले, शिर दर्द, बुखार, उल्टी, अत्यधिक पसीना एवं बेहोशी आना,कमजोरी महसूस होना,शरीर में ऐंठन, नब्ज असामान्य होना लू के लक्षण हो सकते हैं। ध्यान रखें लू के लक्षण या चक्कर आने मे व्यक्ति को छायादार जगह पर लिटा दे, व्यक्ति के कपड़े ढीले करें,उसे तरल पदार्थ कच्चे आम का पाना आदि पिलाये। तापमान घटाने के लिए ठंडे पानी की पट्टीयां रखें, प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर चिकित्सकीय परामर्श जरूर लें। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन जागरूकता के लिए प्रेरित कर रहा है किसी भी प्रकार की बीमारी से बचने के लिए स्वयं जागरूक बने,साफ सफाई का विशेष ध्यान दें साथ ही स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान करें।

# सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट व सूचनाएं डालने वालों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विभिन्न स्त्रोतों से यह तथ्य ध्यान में लाया गया है कि को भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर के तहत की गयी कार्यवाही से उद्भुत परिस्थितियों के परिपेक्ष्य में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स, इंस्टाग्राम, हाईक, यू-टयूब, थ्रेडस, स्नेप-चैट, एस.एम.एस. टेलीग्राम एवं सोशल मीडिया साइट आदि के माध्यम से असामाजिक तत्वों के कई समूहों द्वारा सामाजिक तानेबाने को तोड़ने व विभिन्न समुदायों के मध्य संघर्ष/वैमनस्यता की स्थिति निर्मित करने हेतु सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्मों पर तरह-तरह के अपुष्ट सूचनाएं/आपत्तिजनक संदेश चित्रों, वीडियो एवं ऑडियो मैसेज आदि का प्रसारण किया जा सकता है तथा इस प्रकार के प्रसारण से कई बार लोगो को एक स्थान पर एकत्रित होने एवं एक समुदाय के विरुद्ध वातावरण निर्मित करने जैसे संदेशों का प्रसारण किया जाता है। इससे दमोह जिले के सामुदायिक सद्भाव एवं शांति व्यवस्था के लिए प्रतिकूल स्थितियां निर्मित हो सकती है। इन संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए जान-माल की सुरक्षा एवं लोक परिशांति तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने, सार्वजनिक एवं निजी लोक संपत्ति के सुरक्षार्थ एवं आम जनमानस की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये सोशल मीडिया पर इस प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट/अपुष्ट सूचनाएं डालने वालो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किया जाना नितांत आवश्यक मानते हुये कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दमोह सुधीर कुमार कोचर ने वर्तमान में प्रभावशील प्रतिबंधात्मक आदेश में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में तहत आंशिक संशोधन किये हैं।

इस आदेश का उल्लंघन/चूक करने पर दोषी व्यक्ति/ व्यक्तियों/ समूहों के विरूद्ध अन्य अधिनियमों के साथ सूचना प्रोद्योगिकी अधिनियम 2000 (संशोधन 2008) तथा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223, 299, 302 एवं 352 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी एवं आयुध अधिनियम 1959 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने कहा आपत्तिजनक Post से उतनी वैमनस्यता का संचार नहीं होता है जितना कि उस पर आये Comments एवं Cross Comments के कारण होता है Internet पर एक से प्रकार वैमनस्यता की अभिव्यक्ति ऐसे Post के माध्यम से होती है जिस पर हर कोई बिना विचार किये एवं बिना किसी दायित्व के द्वेषपूर्ण एवं अश्लील शब्दों का प्रयोग कर धार्मिक, सामाजिक भावनाओं को आहत करता है। इस प्रकार के Internet Social Media Wars सक्रिय हो जाता है, जिससे लोक व्यवस्था एवं सामाजिक शांति भंग हो सकती है।

जारी आदेश में कहा गया है सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इस प्रकार की जानकारी पोस्ट करना पूर्व से ही शासन द्वारा सूचना प्रोद्योगिकी अधिनियम 2000 (संशोधन 2008) के तहत दण्डनीय अपराध है, जिसमें कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किये जाने के प्रावधान हैं। इसके साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 299, 302 एवं 352 में भी दण्ड के प्रावधान हैं।

उन्होंने निर्देशित किया है दमोह जिला अंतर्गत कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे - फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स, इंस्टाग्राम, हाईक, यू-टयूब, थ्रेडस, शाट्र्स, स्नेप-चैट, एस.एम.एस. टेलीग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म आदि का दुरुपयोग कर धार्मिक, सामाजिक, जातिगत, क्षेत्रीय, भाषागत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने के लिए किसी भी प्रकार के संदेश जैसे चित्रों व वीडियो एवं ऑडियो मैसेज अथवा अपुष्ट सूचना आदि का प्रसारण नहीं करेगा। जिले अंतर्गत कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक एवं उन्माद फैलाने वाले संदेश, फोटो, वीडियो, ऑडियो अथवा अपुष्ट सूचनाएं इत्यादि जिससे धार्मिक, सामाजिक, जातिगत आदि भावनाएं भड़क सकती हैं या सांप्रदायिक विद्वेष पैदा हो सकता है उसे प्रसारित नहीं करेगा।

उन्होंने कहा दमोह जिला अंतर्गत कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिसमें धार्मिक, सांप्रदायिक एवं जातिगत भावना भड़कती हो कमेंट, लाइक, शेयर या फॉरवर्ड नहीं करेगा। ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को रोकें। दमोह जिला अंतर्गत कोई भी व्यक्ति सामुदायिक, धार्मिक, जातिगत विद्वेष फैलाने या लोगों अथवा समुदाय के मध्य घृणा, वैमनस्यता पैदा करने या दुष्प्रेरित करने या उकसाने या हिंसा फैलाने का प्रयास सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्मों के माध्यमों से नहीं करेगा और न ही विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से संदेश जैसे चित्रों व वीडियो एवं ऑडियो मैसेज अथवा अपुष्ट सूचना आदि का प्रसारण नहीं करेगा और न ही इसके लिए किसी को प्रेरित करेगा।

## तेज रफ्तार जेके सीमेंट ट्राला की मोटर साइकिल की आमने सामने भिड़ंत, एक की हालत गंभीर

अमानगंज।

आज फिर जेके सीमेंट के ट्रांसपोर्ट के अज्ञात तेज रफ्तार ट्राला द्वारा पगरा देवरा के बीच जेके पेट्रोल पंप के सामने गंभीर सड़क दुर्घटना सामने आई है जिसमें गणेश आदिवासी पिता कृपाल आदिवासी उम्र 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसको सिर हाथ पैर में गंभीर चोटे आई है, ग्रामीणों ने आनन फानन घायल व्यक्ति को अमानगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात गंभीर अवस्था में पन्ना रेफर कर दिया। आज जेके के ट्रांसपोर्टरों के ट्रालाओं द्वारा अनियंत्रित गति से वाहन चलाए जा रहे हैं ।

# तीन मासूम बेटियों को शराब में जहर देकर फिर खुद पीकर शराबी पिता ने मौत को गले लगाया

**गैसाबाद थाना क्षेत्र के मुहरई गांव में घटी, हृदय विदारक घटना, तीन बेटियों व पिता की मौत, पारिवारिक कलह के चलते उठाया कदम**

हटा अनुविभाग के गैसाबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार को बड़ा ही दुखद दिल को झकझोर देने वाला घटनाक्रम सामने आया है जहां एक शराबी पिता ने अपनी ससुराल में पारिवारिक कलह के चलते अपनी तीन मासूम बेटियों को कोल्ड ड्रिंक में जहर देकर खुद भी जहर पीकर मौत को गले लगा लिया। क्षेत्र में एक साथ चार मौतों के घटनाक्रम ने सभी को झकझोर के रख दिया है वही बच्चों की मां व परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

गैसाबाद थाना अंतर्गत ग्राम मुहरई मे एक दिल दहला देने वाला दर्दनाक हादसा घटित हुआ है। प्राप्त जानकारी अनुसार विनोद जाट (कंसोरिया) जो कि ट्रक ड्राइवर था तथा हरियाणा से अपनी ससुराल मुहरई गांव आया हुआ था जिसने अपनी तीनों बेटियों को जहरीला पदार्थ पिलाने के बाद स्वयं भी वियर में जहर मिला कर पी लिया। बाद में चारो को गंभीर हालत में हटा अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरो ने चेकअप करके विनोद जाट के साथ साथ महक तथा खुशबू 4 वर्ष को मृत घोषित कर दिया।वहीं खुशी 7 वर्ष को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। लेकिन जिला अस्पताल पहुंचाने की पहले खुशबू की भी सांसे थम गई। जिला अस्पताल में डॉक्टर द्वारा जांच



उपरांत उसे भी मृत घोषित कर दिया गया। विनोद जाट मूल रूप से हरियाणा का निवासी है जो वहां पर ट्रक चलाता था कुछ दिन पहले अपनी साली की शादी में अपने ससुराल दमोह जिले के मुहरई गांव आया हुआ था।

माना जा रहा है कि ससुराल में किसी पारिवारिक विवाद के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया तथा अपने साथ अपनी बेटियों को भी मौत के मुंह में धकेल दिया। बताया जा रहा है कि 25 अप्रैल को विनोद हरियाणा से अपनी साली की शादी में ससुराल मुहरई आया था। वही उसकी पत्नी इसके पहले 11 अप्रैल को अपने मायके आ गई थी। विनोद की शराब की आदत की वजह से उसकी आए दिन पत्नी से विवाद होता रहता था। बीती रात भी



वाद विवाद के बाद अब गुस्से में भरा हुआ था।

बताया जा रहा है सुबह वह अपनी तीनों बेटियों को समोसा खिलाने के लिए ले गया था जहां उसने बियर में कोल्ड ड्रिंक के साथ जहरीला पदार्थ मिलाकर बेटियों को पिलाया तथा खुद भी सेवन कर लिया। घटनास्थल पर वियर तथा कोल्ड ड्रिंक की बोतल पड़े होने की जानकारी सामने आई। फिलहाल पुलिस प्रशासनिक अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत सिंह सुमन, तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, थाना प्रभारी प्रीति पांडे, जांच में जुटे हुए हैं। शवो को पीएम के लिए हटा भेज दिया गया है। जहां आवश्यक कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। जन चर्चा ऐसी भी है कि पति ने पत्नी से अपने साथ ससुराल हरियाणा जाने के लिए कहा था लेकिन पत्नी ने हरियाणा जाने से मना कर दिया इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और पति ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया।

सिविल अस्पताल में यह दर्दनाक मंजर जिसने ने भी देखा वही सन्न रह गया। मासूम बेटियों के चाचा कमेलश और रवि अपनी गोद मे मासूमों के शव से लिपटकर चीख चीख कर रो रहे थे। परिवार जनों का भी रो रो कर बुरा हाल घटना से इलाके में सनसनी भरे हालात हैं।

**विचारणीय पहलू:**

पूरी घटना में सबसे बड़ा सवाल यह है की एक बाहरी व्यक्ति हरियाणा का रहने वाला विनोद जाट को इतनी आसानी से जहर कहां से प्राप्त हो गया यह विचारणीय पहलू है।

## खबर संक्षेप

### प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की निशुल्क कोचिंग में अब 1 घंटा और समय की वृद्धि

**दमोह।** उपसंचालक कृषि जे.एल. प्रजापति ने बताया कि जिला प्रशासन, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के कृषि संकाय के कक्ष में संचालित प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की निशुल्क कोचिंग में सिलेबस एवं जून में परीक्षा आयोजन को देखते हुए समय में एक घंटा की वृद्धि की गई अब 13 मई 2025 दिन मंगलवार से सुबह 8 बजे से 11 की बजाय सुबह 7 से 11 बजे तक लगेगी कोचिंग जिससे विद्यार्थियों को और अधिक विस्तार से विषय को पढ़ाया जा सके एवं तैयारी कराया जाना सुनिश्चित किया जा सके। गौरतलब है, कि 7 अप्रैल 2025 से लगातार प्रतिदिन 8 बजे से 11 बजे तक निशुल्क प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की कोचिंग का संचालन जिला प्रशासन, कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र एवं शिक्षा विभाग के विशेष सहयोग से आयोजन किया जा रहा है।

### 8 ट्रेडों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ

**दमोह।** श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. भोपाल में संचालित 8 ट्रेडों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश प्रक्रिया कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टल पर होगी। नए सत्र के लिए आवेदक www.dsd.mp.gov.in पर पंजीयन 31 मई 2025 तक कर सकते है। इस संस्था में संचालित ट्रेड तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट दो वर्षीय पाठ्यक्रम है। इसी प्रकार फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर एक वर्षीय पाठ्यक्रम है। इन व्यवसायों में वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवीं उत्तीर्ण है। शेष सभी सात पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाय में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।

# पथरिया के प्राचीन तालाब का होगा कायाकल्प

**जल बनाने की वस्तु नहीं सहेजने की आवश्यकता है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत जन अभियान परिषद जिला दमोह के मार्गदर्शन में पथरिया नगर के प्राचीन तालाब में स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन नवांकुर संस्था धरातल जनकल्याण विकास समिति पथरिया के नेतृत्व में सभी नवांकुर संस्थाओं के सहयोग से किया गया।

नगर परिषद अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्मा ने कहा कि जल बनाने की वस्तु नहीं है, यह प्राकृतिक संसाधन है, जिसे सहेजने की आवश्यकता है, आज जन अभियान परिषद और नगर परिषद ने मिलकर तालाब में श्रमदान किया है, और यह कार्य निरंतर जारी रहें। संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन के माध्यम से 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया





जा रहा है, आज पथरिया के प्राचीन तालाब में जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में सभी संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा हम सभी को मिलकर अपने आसपास की प्राचीन जल संरचनाओं को संरक्षित करने हेतु आगे आने की आवश्यकता है। जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव ने संबोधित करते हुए कहा कि आज आवश्यकता है, हम अपनी प्राचीन जल संरचनाओं को संरक्षित करें आने वाले समय में यदि हमें जल संकट को रोकना है तो वर्तमान की जल संरचनाओं को सहेजने की आवश्यकता है।

इस दौरान विशेष रूप से सुंदरलाल विश्वकर्मा, दिनेश उमरैया, सुशील कुमार नामदेव, उमाशंकर उपाध्याय, यंशवत जैन, अमरदीप, विजय तिवारी, घनश्याम पटेल, कृष्णा पटेल, दिलीप पटैल, शैलेंद्र पाराशर, दर्शिता तिवारी, रोहित जैन, विक्रम ठाकुर, यशवंत जैन, वकील पटेल, पवन पटेल, बालकिशन कुर्मी, हरगोविंद पटेल, सुनील अहिरवार सहित बड़ी संख्या में परिषद से जुड़ी सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति रही। इसके साथ-साथ ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सेमरा लोधी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संवाद आयोजित किया जिसमें स्थानीय ग्रामीण जनों की सहभागिता रही।

# जबेरा में मुख्यमंत्री विवाह सम्मेलन आज

**राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने तैयारीयों का लिया जायजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

दमोह जिले की जबेरा विधानसभा में सातवां मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना का आयोजन आज 14 मई बुधवार को कृषि उपज मंडी जबेरा में संपन्न होगा। जिसकी तैयारी को लेकर कार्यक्रम स्थल पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा प्रशासनिक अधिकारीयों कर्मचारीयों उपस्थिति में तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि अब तक मेरे कार्यकाल में इसके पूर्व छह बड़े विवाह समारोह आयोजन किए गए हैं जिसमें 8000 से अधिक जोड़ों की शादी संपन्न की गई है। इसके पूर्व 4 मई 2025 को 1700 से अधिक जोड़ों का विवाह तेंदूखेड़ा



में संपन्न कराया था और अब जबेरा में आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अभी तक लगभग 1300 से अधिक रजिस्ट्रेशन कराए जा चुके हैं और अभी निरंतर रजिस्ट्रेशन जारी है कुल मिलाकर इस वर्ष 3000 से अधिक शादी जबेरा विधानसभा में कराई जा रही है और जबेरा में होने वाले सम्मेलन की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। इस अवसर पर राज्यमंत्री के अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, एसडीएम सौरव गंधर्व, एसडीओपी तेंदूखेड़ा जबेरा जनपद सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल, तहसीलदार सोनम पांडेय सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### मढकोलेश्वर धाम में हुआ अखंड कीर्तन का आयोजन

**नरसिंहगढ़।** बैशाख माह के पावन पर्व पर श्री



मढकोलेश्वर धाम श्री मौनी जी आश्रम में अखंड कीर्तन हवन एवं भंडारा किया गया। इस अवसर पर डालचंद राय, संतोष गुप्ता, अच्छेलाल पटेल, मिथलेश श्री धर किशनगंज, संजय अवस्थी, जगदीश व्यास, पंकज पटैल, बालकृष्ण पटेल, सीतानगर एवं सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सम्मिलित हो कर धार्मिक लाभ लिया।

### 450 वर-वधु बधेंगे परिणय सूत्र में

**दमोह।** मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया के नेतृत्व में होने जा रहें दमोह विधानसभा का कन्या विवाह/निकाह सम्मेलन 14 मई 2025, दिन बुधवार को सुबह 10 बजे कृषि उपज मंडी परिसर सागर नाका दमोह में आयोजित किया जा रहा है। यहां पर लगभग 450 वर-वधु बधेंगे परिणय सूत्र में। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल, कार्यक्रम की अध्यक्षता दमोह जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति कमल सिंह ठाकुर, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, हटा विधायक उमादेवी खटीक, मप्र पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष मंजू वीरेंद्र राय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेन्द्र कटारे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रश्मि दीपक सिंह परिहार रहेंगे। आयोजन की अंतिम चरण की तैयारियों को लेकर सिद्धार्थ मलैया ने आयोजन समिति से जुड़े सदस्यों की बैठक लेकर आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने के लिए आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि यह 11 वां पुण्य विवाह सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन में बेटियों का कन्या दान लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

### दो माह की समर इंटनर्शिप प्रोग्राम

**दमोह।** संचानालय भोपाल द्वारा प्लानिंग आर्किटेक्चर सिविल इंजीनियरिंग में पढाई कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए 1 जून से 31 जुलाई समर वोकेशनल ट्रेनिंग इंटर्नशिप का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला पंचायत दमोह के परियोजना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना प्रभुशंकर पाण्डे ने बताया गया कि योजना में चयनित छात्रों को इंटर्नशिप के लिए संबंधित जिलों की जनपद पंचायतों में कार्य के लिए रखा जाएगा और इन्हें 20 हजार रुपए स्टायफंड भी देने का प्रावधान है। समर इंटर्नशिप-2025 के लिए बी-प्लानिंग, बीआर्किटेक्चर, एम प्लानिंग, एमआर्किटेक्चर और बीई सिविल के छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 10 मई से प्रारंभ हो चुकी है, और अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई है। ऑफर के लिए सूचना 26 मई तक दी जाएगी और 2 जून को भोपाल में ओरिएंटेशन होगा। जिला और ब्लाक मुख्यालय पर रिपोटिंग की तिथि 3 जून रखी गई है।

### आबकारी विभाग ने की कार्यवाही

**दमोह।** अवैध मदिरा विक्रय, संग्रहण, परिवहन और उपभोग के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी के.पी गांधी के निर्देशन में थाना कोतवाली दमोह अन्तर्गत दमोह रेलवे स्टेशन के पास स्थित प्रेम आलू बंडा एवं भोजनालय, दमोह बस स्टैंड पर स्थित विनीत होटल, आधया होटल, आनी होटल और हटा नाका पर स्थित होटल पर कार्यवाही करते हुए कुल 5 प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)(क),36(अ )के अंतर्गत पंजीबद्ध किए गए। आरोपियों के कब्जे से कुल 17 पाव देशी मसाला मदिरा ,375 ML विदेशी मदिरा व्हिस्की और 2000 ML बीयर मदिरा जप्त की गई 1 आरोपियों को अवैध मदिरा विक्रय, मदिरापान ना कराने की सख्त चेतावनी दी गई 1 कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक अनुरोध सेन, आबकारी आरक्षक हरिसिंह, जगदंबा पांडेय, कुलदीप कटारे, छोटेलाल चौरसिया, तपिश हल्वी, अरविंद जाटव, भूपति सिंह महिला आरक्षक गीतांजलि गुप्ता ,मेघा अहिरवार और नगर सैनिक धर्मेंद्र राजौरिया, महेंद्र अहिरवार शामिल रहे।

# 180 आवेदनों पर हुई सुनवाई



**दमोह।** अपर कलेक्टर मीना मसराम ने जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 180 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 138 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 31 आधार कार्ड सम्बन्धी कार्य किये गए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह, डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। 25 पंचायतों में छठवे सप्ताह अंतर्गत जनसुनवाई में कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 24 निराकृत एवं 20 आवेदन लंबित हैं। इसमें भैसा, वर्धा, अभाना सहित चिन्हित 25 पंचायत स्तर पर जन सुनवाई की गई।

**पाइपों से ओवरलोड ट्रक पुलिया पर पलटने के साथ पाईप सड़क पर बिखरने से आवागमन ठप हुआ....**

# बाईपास पर घंटो बने रहे जाम के हालात





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

तेज धूप और गर्मी में हर तरफ हालत अस्त व्यस्त है ऐसे में सड़क हादसों में वृद्धि के साथ वाहनों में लोडेड माल पर होने वाली कसावट भी प्रभावित होने से हाथ से हो रहे हैं। ऐसे ही कुछ हालात के बीच बाईपास पर टर्निंग और लोड अधिक होने से पेयजल आपूर्ति वाले लोहे के पाइपों से भरा एक ट्रक पलटकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे देर तक जाम के हालात बने रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह सागर-जबलपुर-कटनी बाईपास के टर्न पर पाइपों से लोडेड एक ट्रक अनियंत्रित होकर पुलिया के ऊपर पलट गया। जिससे ट्रक में रखे पाइप खुलकर सड़क पर यहां वहां बिखर गए। जिससे सड़क पूरी तरह से अवरुध्द हो गई। जिससे कुछ देर में दोनों तरफ वाहनों की कतारे लग गई। बाद में सूचना मिलने पर जबलपुर नाका चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। तथा क्रेन को बुलवाकर एक-एक पाइप उठाकर सड़क किनारे कराकर ट्रक को उठवाया गया। इसके बाद ही यहां से वाहनों की आवाज आई शुरू हो सके लेकिन इस दौरान करीब 3 घंटे तक दोनों तरफ वाहनों के रुके रहने से जाम के हालत बने रहे।

**नाम सुधार सूचना**

अंकित प्रसाद खरे पिता श्री घनश्याम दास खरे उम्र 22 वर्ष निवासी गौरीशंकर वार्ड तहसील हटा जिला दमोह ने शपथपूर्वक कथन किया है कि मेरे ड्राइविंग लायसेंस क्रमांक MP 34 20210045184 में मेरा नाम अंकित खरे दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम अंकित प्रसाद खरे दर्ज हैं। अतः सभी दस्तावेजों में एकरूपता बनाने के लिये मेरे ड्राईविंग लायसेंस में मेरा नाम सुधारकर अंकित प्रसाद खरे दर्ज किया जाये तथा इसी नाम से मुझे जाना पहचाना जावे व पत्र व्यवहार किया जाये।

शपथकर्ता
अंकित प्रसाद खरे निवासी गौरीशंकर वार्ड, तहसील हटा, जिला दमोह


